




# पेसा एक्ट 1996 सदानों के हितों के विरुद्ध है : डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सदान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के वक्तव्य की निंदा की है। डॉ साहू ने कहा कि विधायक का वक्तव्य राज्य के मूल निवासियों सदानों के लिए अहितकर है और इसकी जितनी निंदा की जाये, कम है। डॉ साहू ने कहा कि विधायक का वक्तव्य आदिवासियों के लिए पेसा एक्ट 1996 लागू करने के बारे में था, जो राज्य के अन्य समुदायों के हितों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि सदान विकास पार्टी राज्य सरकार की गलत नीतियों का विरोध करती है और करती रहेगी। डॉ साहू ने राज्य सरकार से मांग की है कि राज्य में एकल पद आरक्षण मुक्त किया जाये और प्रदेश में ओबीसी आरक्षण 42 प्रतिशत लागू किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि सात जिलों में ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिया गया है, जिसे लागू किया जाना चाहिए।

# अब कटरा से श्रीनगर की यात्रा होगी मात्र 3 घंटे में



## वंदे भारत से इस रूट पर अब यात्रा होगी आसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** यूएसबीआरएल परियोजना के पूरी होने के बाद अब कई सालों का इंतजार खत्म हो जायेगा। जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत चलने से कई घंटों की समय बचत होगी। कटरा से श्रीनगर कि यात्रा अब केवल 3 घंटे में होगी। अभी सड़क से यात्रा में 6 से 7 घंटे लगते हैं। फिलहाल वंदेभारत को कटरा से श्रीनगर के बीच चलाने की योजना बनायी गयी है। अभी वैली में श्रीनगर से लेकर संगलदान तक ट्रेनों का आवागमन होता है। अब, संगलदान से कटरा तक रेललाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटरा तक चलाया जा सकता है।

**यूएसबीआरएल परियोजना :** वर्ष 2009 में काजीगुंड-बारामूला सेक्शन शुरू हो गयी थी। वर्ष 2013 में 18 किलोमीटर बनिहाल-काजीगुंड सेक्शन, वर्ष 2014 में 25 किलोमीटर ऊधमपुर-कटरा, वर्ष 2023 में बनिहाल से संगलदान और अब संगलदान से कटरा के बीच शुरू होने वाली है। दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज- चिनाब ब्रिज इस परियोजना का हिस्सा है। टनल, पुल और वैली से अब रेल सफर और आनंदमय होगा।

# कल से बदलनेवाला है मौसम

## 3 दिन तक आंधी-तूफान, वज्रपात और ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग ने इसके संकेत दे दिये हैं। 3 दिन तक आंधी-तूफान, बारिश और वज्रपात का सामना करना पड़ेगा। ओले भी गिरेंगे। मौसम विभाग ने इसका ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर भारत के 6 राज्यों में बौछार, आंधी-तूफान का अलर्ट जारी होने के बाद झारखंड के लिए भी मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के मौसम केंद्र ने कहा है कि झारखंड में 2 अप्रैल से मौसम करवट लेगा। लगातार 3 दिनों तक झारखंड के अलग-अलग हिस्से में आंधी-तूफान के साथ गरज के साथ वर्षा और वज्रपात की संभावना जतायी गयी है।

मौसम विभाग ने सोमवार (31 मार्च 2025) को जो अलर्ट जारी किया है, उसमें कहा है कि बुधवार (2 अप्रैल 2025) से झारखंड में तेज हवाएं चलेंगी। गरज के साथ बारिश होगी। कहीं-कहीं ठनका गिरने की भी आशंका है। 2 अप्रैल को राज्य के पश्चिमी और उससे सटे इलाके में कहीं-कहीं गरज के साथ तेज हवाओं का झोंका चलेगा। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है।

## केंद्रीय सरना समिति ने सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया

# गांव छोड़ब नहीं, जंगल छोड़ब नहीं...

### केंद्रीय सरना समिति ने दिशा-निर्देश जारी किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय, 13 आरआइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर, रांची में सरहुल पूजा महोत्सव 2025 को लेकर सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य, ओरमांझी, हटिया, बरियातू और करम टोली से पारंपरिक परिधान लालपाड़ साड़ी एवं धोती-गंजी में शामिल हुए। कार्यक्रम में ढोल, मांदर और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य-संगीत का आयोजन हुआ। होरा होरा रंगा हस्या...आंबा मंजरे मधु मातले रे.... गांव छोड़ब नहीं जंगल छोड़ब नहीं...की धुन पर लोग झूमते नजर आये। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने बताया कि प्रकृति पूजा के इस महापर्व को लेकर जनमानस में भारी उत्साह है। सरहुल पर्व को शांति और हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए केंद्रीय सरना समिति द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इसमें महिलाएं लालपाड़ साड़ी और पुरुष धोती-गंजी पहनकर शोभायात्रा में शामिल हों। शोभायात्रा में पारंपरिक वाद्य यंत्रों जैसे ढोल, नगाड़ा और मांदर के साथ नृत्य-संगीत करें। नशा सेवन करके कोई भी व्यक्ति शोभायात्रा में शामिल न हो। छोटे बच्चों के पॉकेट में उनका नाम और पता लिखकर अवश्य रखें। रूढ़िवादी परंपरा के अनुसार पाहन के द्वारा ही मुर्गी या चेंगना की बलि दी जाये। डीजे साउंड सिस्टम का उपयोग न किया जाये। प्रत्येक गांव एवं टोला के खोड़हा दल अपनी सुरक्षा व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित करें और अनधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश न करने दें। आपातकालीन स्थिति में इस नंबर पर संपर्क करें - 9199967174( फूलचंद तिर्की, अध्यक्ष, केंद्रीय सरना समिति), संजय तिर्की - 9546116979,प्रमोद एक्का - 629937119,सोहन कच्छप-8969101781, सत्यनारायण लकड़ा-7261824259)। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, संरक्षक भुनेश्वर लोहरा, ललित कच्छप, राम सहाय सिंह मुंडा, महिला शाखा अध्यक्ष ऊषा टोप्पो, प्रवक्ता एंजेल लकड़ा, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा मौजूद थे।

## प्रोफेसर हिर्लो बलराम पाट पिंगुवा के निधन से पूरे हो समाज में शोक की लहर

# सादगी पूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे प्रो पिंगुवा : डॉ हरि उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत वर्ष में 'कोल हो' भाषा एवं 'वारङ चिति लिपि' से रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के हो भाषा के प्रथम प्रोफेसर हिर्लो बलराम पाट पिंगुवा का रांची रिम्स में रविवार रात 11.40 में निधन हो गया। उनके निधन से हो भाषा के साथ ही साथ पूरे झारखंडी समाज मर्माहत हैं। प्रो पिंगुवा रांची कालेज में सन 1973 से लेकर 2001 तक भूगोल विभाग में प्रोफेसर व रीडर के पद पर रहे। उनके आवास पर विशेष रूप से उपस्थित टीआरएल संकाय के पूर्व समन्वयक डॉ हरि उरांव ने कहा कि प्रो पिंगुवा का निधन से हम काफी दुखी हैं। सरल और सादगी पूर्ण व्यक्तित्व के धनी थे वे। डॉ उरांव ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

डॉ सरस्वती गागराई ने बताया कि प्रो पिंगुवा 'वारङ चिति लिपि' के निमार्ता ओत कोल गुरु लाको बोदरा के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे और हो भाषा और साहित्य संरक्षण संवर्द्धन के लिए काम किये। उन्होंने बताया कि वारङ चिति लिपि में हो भाषा के पठन-पाठन कराने में अमूल्य योगदान रहा। टीआरएल संकाय प्राध्यापक डॉ बीरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि आज, हम एक ऐसे व्यक्ति को खो दिये हैं जो न केवल एक कुशल शिक्षक थे, बल्कि एक प्रेरणादायक साहित्यकार और समाजसेवी भी थे। डॉ महतो ने कहा कि उनके ज्ञान, अनुभव और साहित्य के प्रति समर्पण ने हम सभी को प्रभावित किया। उनके निधन से हम सभी दुखी हैं और उनकी कमी हमेशा खलेगी।

गौरतलब हो कि प्रो पिंगवा आदि संस्कृति एवं विज्ञान संस्थान के प्रथम महासचिव के साथ साथ एक समाज सेवी, समाजविद, भाषाविद, वारङ चिति लिपि विशेषज्ञ, लेखक - कवि, रचनाकार, भूगोलवेत्ता (भूगोलशास्त्री), इतिहासकार आदि थे। वे रांची कालेज में एनसीसी कमांडेंट भी रहे। वह पीछे चार बेटे, बहू व पोते पोतियों से भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। पार्थिव शरीर के विदाई के मौके पर डॉ जय किशोर मंगल, आशीष बिरुवा, चिंटू दोराय, प्रवीण कुमार गागराई, गीता दोराई, सिकंदर बोदरा, अर्जुन हेंब्रम, मोतीलाल हांसदा, जेपी पिंगुवा के अलावा हो समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# संत शिरोमणि सदानंद महाराज से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हिंदू नव-वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर, नयी दिल्ली रोहिणी में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि सदानंद महाराज से मुलाकात की। इस धार्मिक अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुजी से गुरुवाणी सुनकर आशीर्वाद लिया। इस धार्मिक आयोजन में रेखा गुप्ता ने विशेष रूप से धार्मिक भावनाओं का आदान-प्रदान किया और साथ ही समाज में सद्भावना एवं शांति के संदेश को फैलाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने न केवल अपनी धार्मिक आस्था को प्रकट किया, बल्कि समाज को एकजुट और प्रेरित करने का संदेश भी दिया। संत शिरोमणि सदानंद महाराज के आशीर्वाद से यह दिन और भी विशेष बन गया। उन्होंने गुरुजी की उपस्थिति में धर्म, संस्कार और समाज सेवा के महत्व को समझा और अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। इस प्रकार यह अवसर एक नयी शुरुआत और सकारात्मक बदलाव की ओर अग्रसर होने का प्रतीक बना। उक्त जानकारी श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

# पहली एशियाई पारा थ्रो बॉल चैंपियनशिप : झारखंड के खिलाड़ियों ने भारत के लिए जीता कांस्य पदक

## कंबोडिया ने जीता स्वर्ण पदक, श्रीलंका ने हासिल किया सिल्वर

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** पारा थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ एशिया की ओर से आयोजित पहली एशियाई पारा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता है। यह प्रतियोगिता 26 से 30 मार्च तक कंबोडिया में हुई। भारतीय टीम में झारखंड के 12 दिव्यांग खिलाड़ी शामिल थे। पुरुष टीम में मुकेश कंचन (कप्तान), सनोज महतो, मुकेश कुमार महतो, पवन लकड़ा और राजेश कुमार मेहता थे।

वहीं, महिला टीम में प्रतिमा तिर्की, अनिता तिर्की, महिमा उरांव, संजुक्ता एक्का, पुष्पा मिंज, असुंता टोप्पो और तारामणि लकड़ा शामिल थीं। इस प्रतियोगिता में कुल आठ देशों ने भाग लिया। फाइनल में कंबोडिया ने श्रीलंका को हराकर स्वर्ण पदक जीता। जबकि श्रीलंका ने रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल किया। भारतीय टीम सेमीफाइनल में श्रीलंका से हार गयी थी। पारा ओलंपिक कमेटी झारखंड के अध्यक्ष, कमल अग्रवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल के अलावे अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

झारखंड डिसेबल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल मेहता, पारा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव सरिता सिन्हा, उपाध्यक्ष पतरस तिर्की, समाज सेवी जगदीश सिंह जग्गू, संजू कुमारी, शिवरानी कुमारी, आर्यन, झारखंड दिव्यांगजन फोरम सहित अनेक दिव्यांगजन खिलाड़ियों और उनके संगठन ने भारतीय दल को बधाई दी।

# प्रकृति का पर्व है सरहुल: मुकेश नायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को आदिवासी मूलवासी मंच के द्वारा आगामी 5 अप्रैल को मोराबादी मैदान में होने वाले सरहुल मिलन समारोह का आयोजन होना है। इसमें घासी नायक युवा कल्याण समिति के अध्यक्ष संदीप टाइगर नायक और कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार नायक को आदिवासी-मूलवासी सदान मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज टोप्पो, कोषाध्यक्ष मोहन तिर्की के द्वारा निमंत्रण पत्र सौंप कर अतिथि के रूप आमंत्रित किया गया, जिसमें संदीप टाइगर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माय माटी, जल, जंगल, जमीन, कला-संस्कृति को कैसे बचाया जाये इस पर चर्चा की जायेगी। वहीं मुकेश नायक ने कहा कि सरहुल एक प्रकृति पर्व है। ये पर्व खेती-बाड़ी करने के पहले मनाया जाता है। इसे आदिवासी-मूलवासी सभी वर्ग के लोग मनाते हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### 'गौरव दिवस' के रूप में मनेगी धरती आबा की जयंती

रांची (आजाद सिपाही)। धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से कलिंगा भारती फाउंडेशन नयी दिल्ली द्वारा 11 मई 2025 को आर्यभट्ट ऑडिटोरियम, रांची विश्वविद्यालय रांची में 'गौरव दिवस' के रूप में मनाया जायेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुख्य संयोजक डॉ राजाराम महतो ने राज्यपाल को आमंत्रण पत्र सौंपा। उनके साथ प्रोफेसर गोवर्धन मेहता और राजेंद्र राउत भी उपस्थित थे।

### केदार पासवान की माता के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शोक-संवेदना व्यक्त की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन केदार पासवान की माता लीला देवी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के कार्यालय प्रभारी राजू राम, पूर्व विधायक उमा शंकर अकेला, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता उनके पैतृक गांव पहुंचे और स्वर्गीय लीला देवी के पार्थिव शरीर पर पुष्प समर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### गणिनाथ गोविंद की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 28 फरवरी 2026 को

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बिजुलिया रातू स्थित गणिनाथ गोविंद ट्रस्ट ने रविवार को मंदिर प्रांगण में संरक्षक निपुण मृणाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में कई निर्णय लिये गये। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 28 फरवरी 2026 तय किया गया। इसके अलावा, मंदिर में स्थापित करने वाले सभी देवी देवताओं के स्थान को लेकर चर्चा हुई और निर्णय लिया गया। बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसमें मंदिर के रंग रोगन के लिए दिनेश प्रसाद को महाराष्ट्र के कारीगर से बात करने की जिम्मेदारी दी गयी। इस बैठक में कई सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें हीरा प्रसाद, ननकू साह, प्रेम चंद प्रसाद, अवध बिहारी प्रसाद, संजीव प्रसाद, कंचन कुमार, दिनेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, प्रकाश कुमार गुप्ता, अशोक प्रसाद, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, सुनील प्रसाद, अभिजीत कुमार, राम विनोद साह, श्रीकांत गुप्ता, उदय शंकर गुप्ता, अजय कुमार साव सहित अन्य शामिल थे।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अपना भवन होने का सपना जल्द ही साकार होनेवाला है : बसंत मित्तल



रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी सम्मेलन ने झारखंड में अपनी मजबूती दर्ज की है। सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने बताया कि झारखंड के 23 जिलों में 135 शाखाएं कार्यरत हैं, जो पहले के 115 शाखाओं से अधिक हैं। मित्तल ने बताया कि मारवाड़ी महिला सम्मेलन और मारवाड़ी युवा मंच दोनों संस्थाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। इन संस्थाओं के संगठन मजबूत हुए हैं और हमें इन महिलाओं और युवाओं पर गर्व है। उन्होंने बताया कि रांची में कोलकाता द्वारा संचालित मारवाड़ी आरोग्य भवन में एक 25 कट्ठा का भूखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन को आवंटित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस भूखंड पर बालिकाओं के लिए हॉस्टल, युवा मंच और महिला मंच के कार्यालय की व्यवस्था की जायेगी। बसंत मित्तल ने बताया कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का अपना भवन होने का सपना जल्द ही साकार होने वाला है। इसके लिए हरमू रोड स्थित सिटी मॉल में 3600 स्क्वायर फीट की जगह खरीदी गयी है, जिसमें से 2000 स्क्वायर फीट की रजिस्ट्री हो चुकी है और रांची नगर निगम से होल्डिंग नंबर भी प्राप्त हो चुका है। इस भवन में बालिकाओं के लिए हॉस्टल, युवा मंच और महिला मंच के कार्यालय की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा, मारवाड़ी सम्मेलन के साथ महिला सम्मेलन और युवा मंच का बेहतर समन्वय करने का प्रयास किया जा रहा है।

### तेलुगु नववर्ष उगादी का हर्षोल्लास के साथ हुआ समापन




रांची (आजाद सिपाही)। तेलुगु नव वर्ष उगादी का उत्सव, तेलुगु कम्युनिटी वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में चुटिया स्थित प्रगति गार्डेनिया कम्युनिटी हॉल में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। रांची में रहने वाले मूलतः आंध्र प्रदेश और तेलंगाना वासी परिवार के लगभग 100 लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। बच्चे, महिलाएं व पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य, संगीत प्रस्तुति एवं महिलाओं द्वारा बनाये गये स्वादिष्ट दक्षिण भारतीय व्यंजन का भरपूर आनंद उठाया। रांची में विगत 50 वर्ष से रह रहे वरिष्ठतम तेलुगु भाषी जी जगन्नाथ मूर्ति को आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया। सेंट्रल युनिवर्सिटी झारखंड के डॉ नाग पवन ने तेलुगु नववर्ष पंचांग पढ़ा। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी प्रमुख रूप से वी तारकेश्वर, रमेश सुशुराला, आदित्य कुमार, डॉ किरण जालेम, डॉ वेंकट बॉरला देवी, सुसरला गौरी ने निभायी।

### मारवाड़ी समिति ने किया सदस्यता लेने का आग्रह

रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी सहायक समिति, राजधानी रांची के सभी मारवाड़ी समाज से समिति का आजीवन सदस्यता लेने का आग्रह किया है। समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने सोमवार को कहा है कि समिति के आजीवन सदस्यता प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार है। उन्होंने बताया कि आजीवन सदस्यता के लिए शुल्क के रूप में 21 सौ रुपये रखा गया है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी समाज के लोगों को अपने परिवार, रिश्तेदार और दोस्तों के परिवार में से कम से कम एक सदस्य मारवाड़ी सहायक समिति, रांची की सदस्यता लेकर समाज को मजबूती देने का प्रयास करना चाहिए।

# हम सनातनी लोगों को सभी में देवी-देवता का रूप दिखता है : संजय सेठ



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जोन्हा श्रीराम मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन अयोध्या की कथावाचिका शैलप्रिया ने शिव और पार्वती के विवाह प्रसंग को सुनाया। जिसमें शिव के गणों का श्रृंगार और शिव बारात का वर्णन किया गया। उन्होंने शिव और पार्वती के विवाह को समर्पण, भक्ति और संयम का प्रतीक बताते हुए कहा कि इसके श्रवण से ही मनुष्य के सारे मानसिक एवं आत्मीय विकारों का अंत हो जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे भक्ति मार्ग पर चलकर अपने जीवन को संतुलित और सुखी बना सकते हैं। राम नाम की महिमा का वर्णन कर कहा कि पापी भी राम का नाम लेकर सद्गति प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी कथा का श्रवण करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि जीवन का हर पल प्रभु की इच्छा पर ही निर्भर है। उनकी इच्छा से ही जगत में सबकुछ होता है। हम सनातनियों को सभी में देवी-देवता दिखते हैं। गाय में करोड़ों देवी देवताओं का वास होता है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष साहू, मनोज चौधरी, राजन साहू, नरेश साहू, बलराम साहू, प्रदीप साहू, सीताराम साहू, उदय साहू, निवारण साहू, किशोर साहू, विकास साहू, अजय मंडल, प्रकाश साहू, चंद्रभूषण भुईयां, महेश भारती, परमेश्वर माली, नेपाली साहू, श्रीराम साहू, महिपाल पातर, बिनोद मिश्रा, पंकज गुप्ता, उदय प्रसाद साहू, परमेश्वर साहू, विनय साहू, कृष्णा साहू आदि उपस्थित थे।

## लापुंग, नगड़ी और ओरमांझी में ईद की नमाज अदा कर मांगी शांति-सौहार्द-भाईचारे की दुआ





**लापुंग/ओरमांझी/नगड़ी (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड में सोमवार को ईद हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। फतेहपुर के मुसलमान इस दिन सुबह आठ बजे गोविंदपुर (जरियागढ़) के ईदगाह में जाकर नमाज अदा किये। मौलाना मो शहीद रजा ने देश की सलामती और अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं, ओरमांझी प्रखंड में ईद सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सुबह से मुस्लिम समुदाय के लोग साफ सुथरा होकर प्रखंड के ईदगाहों में इबादत करने पहुंचे थे। नमाज अदा कर विश्व के साथ ही देश में अमन चैन की दुआ मांगी। इसके बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाइयां दी। वहीं, नगड़ी प्रखंड के देवरी, बांधटोली हाईस्कूल, नयासराय, मुडमा, टूंडूल, एड़चोरो, बधेया, साहेर और बसिला पुंदाग में हर्षोल्लास के साथ ईद मनायी गयी। सुबह सात बजे से नौ बजे तक प्रखंड के प्रत्येक गांवों के ईदगाह और मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। मस्जिद-ए-बेलाल में सुबह 8.15 बजे जेयाउल रहमान, मदीना मस्जिद में 8.30 बजे कारी शमशाद एवं जामा मस्जिद नगड़ी में नौ बजे मौलाना अबु ओबेदा ने ईद की विशेष नमाज अदा करायी। इस अवसर पर हजारों मुस्लिम समाज के लोगों ने देश की एकता, अखण्डता, शांति और गांव के खुशहाली-भाईचारगी की सामूहिक दुआ मांगी। इसके बाद एक-दूसरे से गला मिलकर ईद उल फितर की बधाई दी। वहीं, नगरी चौक में श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय महासमिति की ओर से शिविर लगाकर मुस्लिम भाइयों को ईद की मिठाइयां देकर और गले मिलकर ईद की बधाई दी। मौके पर पुलिस मुख्यालय 2 के डीएसपी अरविंद कुमार, नगरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय सहित अन्य पुलिसकर्मी लगातार क्षेत्र में गश्त लगाते दिखे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना करांजी से नरकोपी जाने वाली सड़क इडरी मोड़ के समीप हुई। जहां बाइक सवार दो व्यक्ति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इसबाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों की पहचान बेड़ो के मुरतो गांव निवासी रवि उरांव (30) और छोटू उरांव (40) के रूप में हुई। वहीं, दूसरी घटना रांची-गुमला सड़क बारीडीह गांव के समीप हुई। जहां रोगो गांव निवासी विमल भगत (50) अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए। राहगीरों ने उठाकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जानकारी के अनुसार विमल भगत की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वे पूर्व में आर्मी के जवान रहे हैं। मानसिक स्थिति ठीक ना रहने के कारण विमल भगत पैदल ही घर जा रहे थे।

### ईद मिलन समारोह में दिखी सांप्रदायिक सद्भाव की मिशाल

# देश-समाज की तरक्की के लिए आपसी प्रेम और सद्भाव जरूरी : राजेश कच्छप

## ईद पर्व आपस में मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है: जैलेंद्र कुमार

**मीठी सेवई से किया गया अतिथियों का स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



ईद की बधाई देने पहुंचे विधायक राजेश कच्छप, भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार एवं अन्य।

**अनगड़ा।** महेशपुर नौजवान कमेटी के तत्वावधान में सोमवार को ईद मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अलावा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेंद्र महतो, सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी, विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुंडा, शिवदास गोस्वामी, डॉ रिझू नायक, जलनाथ चौधरी, राजेश नायक, राजू प्रमाणिक, रामपोदो महतो, शिवलाल महतो, राजू नायक, सखीचंद महतो, बरतू मुंडा, रितु महतो, झब्बूलाल महतो, सौभाग्य मुंडा, इब्राहिम अंसारी, अनवर खान, जाकिर खान, बबलू खान, परवेज खान, डॉ दिनेश कुमार, रुस्तम खान, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, रामसाय मुंडा आदि उपस्थित हुए। संचालन मजबूल खान ने किया। इससे पहले पगड़ी पहनाकर और मीठी सेंवई खिलाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि दुर्गा पूजा, ईद, होली, दीपावली, रामनवमी, क्रिसमस, सरहुल आदि पर्व भारत की साझी संस्कृति की हिस्सा रही है। यहां सभी धर्म के लोग एक साथ मिलजुलकर त्योहार मनाते हैं। किसी भी देश, समाज और कौम की तरक्की के लिए आपसी प्रेम और सद्भाव जरूरी है। वहीं, जैलेंद्र कुमार ने सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि सभी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर समय साथ चलेंगे तो राष्ट्र समृद्ध होगा और आपसी प्रेम मजबूत होगा। ईद पर्व आपस में मिलजुलकर रहने की प्रेरणा देता है। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि कुदरत ने एक इंसान के रुप में हमें पैदा किया है। हिन्दू मुस्लिम से पहले हम एक इंसान हैं। इस नजरिए से हमें एक-दूसरे को देखने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समीम खान, बसीर खान, सेराज खान, परवेज, जावेद, मनवर, मोबिन, जाकिर, वासिद, राशिद, सुकतार आदि का योगदान रहा।

# आजसू नेता के घर पहुंचकर सुदेश महतो ने ईद की बधाई दी, खायी मीठी सेवइयां

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो सोमवार को ईद की बधाई देने पार्टी के केंद्रीय सचिव मोहसिन खान के रांची के बरियातु स्थित घर पहुंचे। जहां सुदेश महतो से काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग भी मिलने पहुंचे थे। सभी लोगों के साथ मोहसिन खान के घर पर सुदेश महतो ने ईद की मीठी सेवई और लजीज पकवान खाया और सभी को ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर फैज खान, सल्लू खान, रामिस खान, अख्तर हुसैन, विरास्त खान, मुकेश कुमार, सन्नी खान और जिसान खान उपस्थित थे।

## एक-दूसरे को गले लगा दी ईद की बधाई

**ठाकुरगावं (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में ईद सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। मोहनपुर और उमेडंडा ईदगाह, उरुगुटू, बरौदी, चकमे, मतवे सहित आसपास के गांव में स्थित मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर शांति-सौहार्द और आपसी भाइचारे कि दुआ मांगी गयी। इसके बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी गई। इस दौरान गरीबों के बीच ईदी बांटी गई। ईदगाह के पास सभी एक-दूसरे से मिलकर साथ में बैठकर सेवइयां खायी। मौके पर नेसार अंसारी, मौलाना साबिर हुसैन, खलील अंसारी, वशी अहमद, मुश्ताक अंसारी, शमीम बड़ेहार आदि ने अमन-चैन की दुआ मांगी। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस जगह-जगह गश्त लगाती दिखी।

# कांके-बेड़ो में ईद की नमाज अदा कर अमन और खुशहाली की मांगी दुआ





आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके/बेड़ो।** कांके क्षेत्र में ईद पर सोमवार को अकीदतमंदों में खासा उत्साह दिखा। क्षेत्र के ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने अहले सुबह से ही अकीदतमंद जुटने लगे थे। कांके बाजार टांड़, पिठोरिया चौक, कोकदोरो इस्लामपुर, हुसीर, होचर, पिरुटोला स्थित ईदगाह सहित क्षेत्र के दर्जनों गांव के मस्जिदों में अहले सुबह इबादत को हजारों लोग जुटे और एक साथ नमाज अदा की। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में नमाज के बाद विभिन्न धर्मों और राजनीतिक एवं समाजिक लोगों ने नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इससे पहले कांके ईदगाह में अहले वतन के लोगों को संबोधित करते हुए कारी अशरफ ने कहा कि मुसलमान एक माह रमजान के रोजे रखकर अल्लाह की इबादत की है। रोजेदार के लिए यह ईद के दिन ढेरों खुशियां लेकर आई है। ईद पर गांव, शहर और वतन का सामाजिक सौहार्द बना रहे, यही दुआ है। उन्होंने कहा ईद की मुबारकबाद देने के लिए विभिन्न धर्मों के लोग ईदगाह आए हैं, यही सांम्प्रदायिक सद्भाव देश की ताकत है। इस मौके पर विधायक सुरेश बैठा, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, झामुमो के अजीजुल अंसारी, समनुर मंसुरी, तनवीर आलम, मो. फुरकान, आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हकिम अंसारी, कोकदोरो के सदर मजीद अंसारी, अफरोज आलम, पूर्व जिप सदस्य अईनुल हक अंसारी, मोजिबुल अंसारी, कांके प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष मो संजर खान आदि ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। दूसरी ओर, बेड़ो प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोमवार को मुस्लिम भाइयों ने ईद उल फितर का त्योहार शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया। मस्जिदों-इदगाहों में सुबह नमाज अदा करने के बाद एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं, करांजी जराटोली गांव में अंजुमन एवं नौजवान कमेटी की ओरर से ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें अंजुमन के सदर सोयब अंसारी, सेक्रेट्री अब्दुल अंसारी पूर्व समिति अमीन अंसारी, बबलू खान, मतीन अंसारी, रूसतम अंसारी, जमील अंसारी, हाजी कलाम, सजाद अंसारी, सरफराज आदि ने ईद की शुभकामनाएं दी। सदर सोयब अंसारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से समाज में भाईचारा व सौहार्द बढ़ती है। कहा कि खुशियां बांटने से ही खुशियां बढ़ती हैं। इस मौके पर लोगों ने अपने करीबियों-रिश्तेदारों के यहां पहुंच कर ईद की मुबारकबाद दी।

### बेड़ो में सरहुल पूर्व संध्या पर खोड़हा दल की दर्जनों टीमों ने किया परंपरागत नृत्य

# सरहुल हमारी सांस्कृतिक धरोहर : राकेश भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** सरहुल पूजा महासमिति के तत्वाधान मे सोमवार को महादानी मैदान में सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। जहां लापुंग, बेड़ो और इटकी प्रखंड के दर्जनों विभिन्न खोड़हा दल के ग्रामीणों ने ढोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा व बांसुरी की धुन पर परंपरागत जतरा, लूझरी, जदूरा और माठा आदि राग रागिनी पर आधारित परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया। साथ ही जनजातीय संस्कृति की अनमोल परंपरा का अद्भुत समां बांधा। वहीं खोड़हा दलों को मांदर, दरी और गैस बत्ती लाइट देकर सम्मानित किया गया। अथितियों का स्वागत महासमिति के अध्यक्ष सुका उरांव, संरक्षक राकेश भगत और जुगेश उरांव ने अंग वस्त्र देकर किया। अस अवर पर महासमिति के संरक्षक राकेश भगत ने कहा कि सरहुल पूजा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। प्रकृतिक पर्व सरहुल प्रकृति के संरक्षण का संदेश पूरे समाज को देता है। वहीं अध्यक्ष सुका उरांव ने कहा कि झारखंड का प्राकृतिक पर्व सरहुल हमारी संस्कृति, धर्म और अस्तित्व से जुड़ी है। हमें इस परंपरा को बचाये रखना है। जुगेश उरांव ने कहा कि सरहुल प्रकृति का पर्व है। यह आपसी प्रेम व भाई चारगी को बढ़ाता है। मौके पर मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, कुबा पहान, प्रभात टोप्पो, धनंजय कुमार राय आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन लालमेन तिर्की ने किया। इसे सफल बनाने में समिति बुधवा पहान, सुशील भगत, प्रदीप भगत, मनोज उरांव, विक्रांत उरांव, रजत भगत, पंचम तिर्की, निर्मल तिर्की, विन्नी उरांव, सोमरा उरांव, राजेश उरांव, अशोक खलखो, सुरेश उरांव, मनोज उरांव, सुभाष, जतरु उरांव और सुखदेव उरांव आदि की भूमिरा सराहनीय रही।

## राज्यसभा सांसद के मद से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा के निधि मद से सोमवार को आरा पंचायत के बड़ाम पथ शिव मंदिर से राजेंद्र यादव के घर होते हुए मुक्तिनाथ के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस निर्माण कार्य से स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामीण जिला जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, भुक्तिनाथ मिश्रा, अमित नारायण तिवारी, राजेश यादव, मुन्ना शर्मा, रोहित तिवारी, सुनील भूटकुवर, लखिंद्र तिवारी, दुर्गा बड़ाइक, सूर्या बड़ाइक, गोलू, ध्रुव, प्रमोद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए सांसद प्रदीप वर्मा का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्य होंगे।

## तिरला की घटना पर महासंघ ने जताया आक्रोश



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की रांची जिला ग्रामीण इकाई ने बैठक में गिरिडीह के बगोदर थाना क्षेत्र के तिरला गांव में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के एक प्रतिष्ठित परिवार के सामाजिक बहिष्कार की घोषणा पर कड़ा आक्रोश जताया। महासंघ के ग्रामीण जिला अध्यक्ष गिरिधर मिश्रा ने इस अवैध फतवे की निंदा करते हुए कहा कि इसे गंभीरता से ले रहे है। फतवा जारी करने वालों को चेतावनी दी जा रही कि किसी भी प्रकार की अवैध कार्रवाई के परिणाम गंभीर होंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति या समुदाय कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकता। देश और राज्य में कानून का राज है। महासंघ के प्रदेश संरक्षक भोलानाथ मिश्र, जिला पदाधिकारी अभय मिश्र, अमित मिश्र, कृष्ण मुरारी मिश्र, अशोक मिश्र, चंदन मिश्रा, उदय मिश्रा, विजय नाथ मिश्र, नीलकंठ मिश्र, जयप्रकाश मिश्रा, मुरलीधर मिश्रा, डॉ. पंकज मिश्रा, चक्रधर मिश्रा, श्रीधर मिश्रा, विकास पुष्पराज मिश्रा सहित कई पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से अविलंब कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित परिवार के सदस्य अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि गांव के कुछ स्वयंभू लोगों ने मुखिया की उपस्थिति में एक गैरकानूनी फरमान जारी कर उनके परिवार को सामाजिक गतिविधियों से अलग-थलग करने की कोशिश की। उन्होंने इस घटना को अनुचित और गैरकानूनी बताते हुए कहा कि यह धार्मिक स्वतंत्रता, पारिवारिक गरिमा और संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। महासंघ ने प्रशासन से इस घटना को गंभीरता से लेकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## राजपूत समाज की बैठक, अखिल राजपूताना कल्याण न्यास के गठन का लिया निर्णय



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लालगंज टाटीसिलवे में पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह के आवास पर राजपूत समाज के लोगों ने बैठक की। जिसमें क्षेत्र के राजपूत समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अखिल राजपूताना कल्याण न्यास के गठन का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सदस्य राम सिंह ने किया। यह संस्था अपनी केंद्रीय संस्था के साथ मिलकर कार्य करेगी। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह को संगठन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शिवाजी सिंह, दिलीप कुमार सिंह, नित्यानंद सिंह, पूर्व सैनिक संजीत सिंह, पी.के. राउत, मिथलेश सिंह, रोलर सिंह, विनय सिंह, सुबोध सिंह, परशुराम सिंह आदि थे।

## नगड़ी के वन क्षेत्र में जंगली हाथियों ने डाला डेरा, दहशत



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के वन क्षेत्र में हरही गांव के आसपास के जंगलों में हाथियों के झुंड ने पिछले एक सप्ताह से डेरा डाले हुए हैं। सात जंगली हाथी के गांव के समीप आ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल छा गया है। जंगली हाथी दिन भर जंगलों में रहते हैं। पर जैसे ही शाम होने लगता है तो वह जंगल से निकलकर खेत की ओर आ जाते हैं जिससे किसानों को काफी क्षति पहुंच रही है। किसान बहुल क्षेत्र हरही पुरियो सहित लगभग आधा दर्जन गांव के किसान इससे काफी परेशान हो गए हैं। किसानों ने बताया कि कोई रात भर चक्कर हाथी को भागते हैं और अपने खेतों में लगे फसलों की रक्षा करते हैं। पर हाथी तो कुछ देर बाद फिर वापस आ जाते हैं। किसानों ने वन विभाग एवं रांची डीसी से इस क्षेत्र में क्षेत्र से जंगली हाथी को भगाने का आग्रह किया है। ग्रामीणों का कहना है प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देगी तो आने वाले दिनों में नगरी प्रखंड कार्यालय में इस विषय को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

## अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं करने का लिया निर्णय

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के श्री महावीर मण्डल बालू के अध्यक्ष उमेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद् सदस्य एवं भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या की वजह से इस वर्ष महावीर मंडल बालू की ओर से अस्त्र-शस्त्र चाालन प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जायेगा। बैठक में सचिन शंभू शंकर सिंह, नरेश महतो, रंणधीर सिंह, बबलू राम, रामचन्द्र महतो, सन्तोष राम, मदन गोप, संदीप राम, अरूण गोप, अर्जुन गोप एवं समस्त महावीर मंडल बालू के सदस्य उपस्थित थे।

